प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी भोपाल

दिनांक–08.10.2023 **समय–2.10पीएम**

डीडी डायलॉग

प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों पर आधारित डीडी न्यूज के डीडी डायलॉग कार्यक्रम का आज जबलपुर में आयोजन किया गया है। मध्य प्रदेश का समर विषय आयोजित कार्यक्रम के पहले सत्र में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को भविष्य के बारे मे ईमानदार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को संकल्पवान रहना चाहिए ताकि समाज बिखरे नही।

'बीजेपी की राह कितनी आसान कितनी मुश्किल' इस विषय पर केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और जल शक्ति राज्य मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि बीजेपी की राह में कोई मुश्किल नही है। वहीं कार्यक्रम में शामिल हुए कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री तरुण भानोट ने कहा कि यह जनता है सब जानती है । कार्यक्रम के अगले सत्र में सांसद राकेश सिंह और केंद्रीय इस्पात और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते विशेष रूप से शामिल होंगें। इस कार्यक्रम में दूरदर्शन समाचार नई दिल्ली के अतिरिक्त महानिदेशक कृपा शंकर यादव, प्रादेशिक समाचार एकांक्ष दूरदर्शन और आकाशवाणी मध्यप्रदेश की निदेशक पूजा पी वर्धन समेत प्रसार भारती के अधिकारी और समस्त स्टॉफ के अलावा शहर के गणमान्य नागरिक और युवा मौजूद हैं।

भारतीय वायु सेना

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने आज एक परेड में वायुसेना के नए ध्वज का अनावरण किया। वायुसेना प्रमुख ने चार इकाइयों को प्रशस्ति–पत्र भी सौंपे। इनमें 16 स्क्वाड्रन, 142 हेलीकॉप्टर यूनिट, 901 सिग्नल यूनिट और 3 बेस रिपेयर डिपो शामिल हैं। इस अवसर पर वायुसेना प्रमुख ने कहा कि वायुसेना की शक्ति, शांति और युद्काल–दोनों में उपयोगी होती है। इसके लिए हमें नई तकनीकों को अपनाते रहना होगा ताकि हम उभरती चुनौतियों का मुकाबला कर सकें। भारतीय वायुसेना आज अपना 91वां स्थापना दिवस मना रही है। इस मौके पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रसेवा के पर्याय तथा अदम्य साहस और शौर्य के प्रतीक समस्त वायु योद्धाओं को भारतीय वायुसेना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने शुभकामना संदेश में लिखा भारतीय वायुसेना दिवस पर सभी वायु योद्धाओं को प्रणाम करता हूँ। आपकी असाधारण वीरता, साहस और शौर्य से भारत के नभ सुरक्षित और शत्रुओं के लिए अभेद्य हैं। आपकी बहादुरी और राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव अभिनंदनीय है।

क्रिकेट

आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में, आज भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चेन्नई के एम. ए. चिदम्बरम् स्टेडियम में मैच शुरू हो गया है। आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया है। आज के मैच में शुभमन गिन नहीं खेल रहे हैं। विश्वकप में भारत और आस्ट्रेलिया दोनों ही टीम का यह पहला मैच है। भारत ने पिछले दिनों आस्ट्रेलिया को एक दिवसीय श्रृंखला में 2–1 से हराया था। इसके बाद भारतीय टीम आज वही प्रदर्शन दोहराने के उद्देश्य से मैदान में उतरी है।

समाचार संक्षेप :–

- शहडोल जिले में विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर के अंतर्गत जिला महिला समिति विद्यालय में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पॉक्सो अधिनियम और साइबर सुरक्षा को लेकर बच्चों को जागरूक किया जा रहा है।
- शिवपुरी जिले के पोहरी में कल मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई।
- रतलाम में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत शासकीय आईटीआई को इसका मुख्य केंद्र बनाया गया है। साथ ही आठ सेंटरों का चयन प्रशिक्षण देने के लिए किया गया है।
- आगरमालवा जिला पंचायत सभा कक्ष में विधानसभा निर्वाचन के मद्देनज़र विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया।

————————————